प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 26.11.2025 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **देश भर में आज मनाया गया संविधान दिवस, प्रधानमंत्री का नागरिकों से अपने कर्तव्यों का पालन करने का आह्वान, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने भी संविधान निर्माताओं को किया याद।**
2. **कोयला मंत्रालय ने वाणिज्य कोयला खदान नीलामी के 13वें दौर की प्रक्रिया पूरी की, झारखंड के दो समेत तीन कोयला खदानों की लगी बोली।**
3. **भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कोयला माफियाओं और पुलिस गठजोड़ का उठाया मुद्दा, राज्य सरकार पर लगाये गंभीर आरोप।**
4. **कोल्हान विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा व्यवस्था में नवाचार को दी नई दिशा, सीयूजे को नैक मूल्यांकन में मिला ए प्लस–ग्रेड।**
5. **वैश्विक खेल मंच पर भारत को बड़ी सफलता, 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मिली मेजबानी, अहमदाबाद में आयोजित होंगी खेल स्पर्द्धाएं।**

****

झारखंड समेत पूरे देश में आज संविधान दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली स्थित संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संविधान की प्रस्तावना पढी। बाद में सुप्रीम कोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में भी उन्होंने भाग लिया। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत का संविधान हमारा राष्ट्रीय ग्रंथ है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान दिवस के अवसर पर देश के नाम पत्र लिखकर 1949 में संविधान को ऐतिहासिक रूप से अंगीकार किए जाने का स्मरण किया है। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखने और अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मज़बूत करने का भी आग्रह किया।

****

इधर, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि हमारा संविधान न केवल विश्व का सबसे विशाल लोकतंत्र है, बल्कि राष्ट्र की प्रगति, सामाजिक न्याय और जनकल्याण का प्रमुख मार्गदर्शक भी हैं।

****

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संविधान दिवस पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर समेत संविधान निर्माताओं को याद किया। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि देश का संविधान हमें समानता, समता, न्याय और स्वतंत्रता के मूल्यों पर एकजुट करता है।

****

संविधान दिवस के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस की ओर से रांची के पुराना विधानसभा सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने की। सभी ने संविधान की रक्षा के लिए संकल्प लिया।

****

कोयला मंत्रालय ने वाणिज्य कोयला खदान नीलामी के 13वें दौर के अंतर्गत तीन कोयला ब्लॉक की सफल नीलामी की। दो कोयला ब्लॉक झारखंड में पिरपेंती बाराहाट और धुलिया नोर्थ में स्थित हैं तथा एक ब्लाक ओडिसा में मंदाकिनी–बी में है।

****

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। लोहरदगा के कुडू थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक लाख रुपये के ईनामी माओवादी राजा हेमंत उर्फ राजन को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से हथियार और कारतूस भी मिले हैं।

****

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि धनबाद में पुलिस प्रशासन की देखरेख में कोयले का अवैध कारोबार चल रहा है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने राज्य सरकार पर कोयला माफियाओं को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया।

****

कोल्हान विश्वविद्यालय का 6वां दीक्षांत समारोह आज चाईबासा स्थित विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ। इस समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने पीएचडी के 66 एवं स्नातकोत्तर व स्नातक डिग्री के 169 विद्यार्थियो को स्वर्ण पदक से नवाजा। इस अवसर पर संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा व्यवस्था में नवाचार को नई दिशा व गति दी है।

****

केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड–सीयूजे को नैक मूल्यांकन में ए प्लस–ग्रेड मिला है। सीयूजे झारखंड का एक मात्र विश्वविद्यालय है जिसे यह ग्रेड मिला है। कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने रिपोर्ट को विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षेतर कर्मचारियों और विद्यार्थियों को समर्पित करते हुए अपनी खुशी जताई।

****

राज्य में पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति के लंबित भुगतान को लेकर आजसू छात्र संघ कल 'शिक्षा के लिए भिक्षा जनाक्रोश मार्च' निकालेगा। छात्र नेताओ ने बताया कि यह मार्च बापू वाटिका, मोराबादी से राजभवन तक आयोजित होगा। इसमें राज्य से बड़ी संख्या में छात्र शामिल होंगे।

****

पश्चिमी सिंहभूम ज़िला 4जी ई–पॉश मशीन के जरिए खाद्यान्न वितरण करने वाला पहला जिला बन गया है।

****

गोवा में 56वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव में आज मैक्सिको की नाटकीय फिल्म – द डेवल स्मोक्स–एंड सेव्स द बर्न्ट माचिस इन द सेम बॉक्स को 'एक डायरेक्टर की बेस्ट डेब्यू फीचर फिल्म' श्रेणी के अंतर्गत दिखाया गया। इस फिल्म को 2025 बर्लिनले अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव में बेस्ट फर्स्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार मिल चुका है। एक रिपोर्ट –

****

भारत को 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिल गयी है। गुजरात के अहमदाबाद में ये खेल कराए जाएंगे। ग्लास्गो में आज हुई राष्ट्रमंडल खेल आमसभा की बैठक के दौरान भारत को मेजबानी आधिकारिक तौर पर सौंपी गई।

****